Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to put a ban on import of Soyabean-laid.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): केंद्र सरकार ने हाल ही में 15 लाख टन सोयाबीन आयात करने के निर्णय के फलस्वरूप बाजार में सोयाबीन के कीमतों में गिरावट दिखाई दे रही है, जिसका सीधा असर सोयाबीन किसानों पर हुआ है इस वर्ष सोयाबीन को अधिकतम कीमते मिलने की उम्मीद थी जुलाई-अगस्त, 21 में किसानों द्वारा बाजारों में सोयाबीन लगभग दस हजार प्रति मीट्रिक क्विंटल बेचा जा रहा था और किसानों को अच्छे दाम मिल रहे थे एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुधर रही थी लेकिन सरकार के सोयाबीन आयात निर्णय के कारण बाजार में सोयाबीन की कीमत पर 2000 रु. तक गिरावट देखने को मिली, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सहित कई अन्य राज्यों मे सोयाबीन का अच्छा उत्पाद होता है! यदि किसानो को आत्मनिर्भर बनाना है तो ऐसे निर्णयों पर रोक लगानी चाहिए । चंद व्यावसायिक लोगों के लिए निर्णय ना लेकर सरकार किसानों के बारे में सोचें और इस सोयाबीन आयात पर रोक लगायें ।